# मंडल कार्यालय आदेश - 26/2024

पत्र सं.849-W/10/Safety/2023/M-1/X　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक -22.08.2024


समस्त मुख्य लोको निरीक्षक
एवं मुख्य क्र्यू नियन्त्रक
जोधपुर एंव मेडता रोड
समस्त लोको पायलट ,लोको पायलट शंटर एवम् सहायक लोको पायलट

**विषय :-** रोलिंग स्टॉक में फ्लैट टायर के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश

*****

किसी वैगन/कोच/लोकोमोटिव में ब्रेक बाइंडिंग हो जाने पर पहिया जाम होकर पटरी पर घसीट कर चलता है जिससे घर्षण के कारण पहिए का वह भाग घिस कर फ्लैट टायर का रूप ले लेता है|

**फ्लैट टायर नापने का तरीका**






**फ्लैट टायर की अधिकतम अनुमति सीमा**

| वाहन का प्रकार | ब्रॉड गेज |
|---|---|
| लोकोमोटिव | 50 मी.मी. |
| कोच | 50 मी.मी. |
| वेगन | 60 मी.मी. |


**फ्लैट टायर को उसकी अधिकतम अनुमति सीमा से बढ़ने से रोकने के लिए गाड़ी के लोको पायलट एवं गार्ड हेतु निर्देश**

- LP/ALP/LPS/TM शंटिंग स्टाफ को ब्रेक रिलीज करने की प्रक्रिया की भली भांति जानकारी होनी चाहिए एवं डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व, आइसोलेटिंग कॉक को प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए |
- LP/LPS द्वारा शंटिंग तभी किया जाना चाहिए जब लोको एवं उसके पीछे लोड के एयर होज पाइप जोड़ दिए गए हो एवं प्रेशर बना लिया गए हो |
- यदि फ्लैट टायर का आकार ऊपर बताई गई सीमा से कम पाया जाए एवं उसे आकार में वृधि नहीं हो रही हो तो लोको/गाड़ी को सामान्य गति से चलाया जाएगा एवं टीएलसी/पीसीआर/C&W/कंट्रोलर को सूचना दी जाएगी |
- यदि फ्लैट टायर का आकार लोको/कोचिंग स्टॉक में 50 मी.मी. से अधिक है एवं मालगाड़ी स्टॉक में 60 मी.मी. से अधिक है तो लोको पायलट गार्ड उसे स्टॉक को तुरंत अलग करने के लिए टीएलसी/पीसीआर/C&W/कंट्रोलर को सूचना देंगे यदि फ्लैट टायर का पता ब्लॉक सेक्शन के बीच में लगता है तो ब्लॉक सेक्शन को क्लियर करने के लिए गाड़ी को अधिकतम 20 KMPH या उससे कम प्रतिबंधित गति से चलाया जाएगा |
- प्रत्येक LP/ALP/LPS/TM को फ्लैट टायर का माप फ्लैट टायर गेज की सहायता से उपर दर्शाए चित्रानुसार सही प्रकार की जानी चाहिए |
- सभी मुख्य लोको निरीक्षको को निर्देश दिए जाते है अपने नामित सभी रनिंग स्टाफ को उपरोक्त के बारे में काउंसलिंग करे |
- सभी मुख्य लोको निरीक्षक अपने नामित लोको पायलट के पास फ्लैट टायर गेज तथा ACP रिसेट चाबी होना सुनिश्चित करे तथा इसकी अनुपालना रिपोर्ट 10.09.2024 तक मंडल कार्यालय में जमा करे |

वरि.मंडल यांत्रिक इंजी. (Enhm&P)
उ.प. रेलवे ,जोधपुर

प्रतिलिपि -मंडल रेल प्रबन्धक,महोदय, जोधपुर,सादर सूचनार्थ
- अपर मंडल रेल प्रबन्धक (OP) महोदय, जोधपुर,सादर सूचनार्थ
- वरि.म.सं.अधि., जोधपुर,सादर सूचनार्थ

स.म.या.इंजी.(शक्ति),जोधपुर , सूचनार्थ



Small Steel Scale
Thin papers
Actual size of Flat place


FLAT SPOTS
GAUGE